


Shri Sardar Singh

Shri Sardar Singh is the famous Indian field hockey player and the current captain of the Indian national team. He is one of the best midfielders the game has ever seen.

2. Born on July 15, 1986, Shri Sardar Singh grew up in modest circumstances. He joined a hockey academy in Ludhiana. He is currently employed as Deputy Superintendent of Police in Haryana.

3. Shri Singh made his debut for the senior team against Pakistan in 2006. He has been part of all the major tournaments that India played since then. He was appointed as the captain of the Indian hockey team for the Sultan Azlan Shah Cup at the young age of 22 years. Under his captaincy Indian hockey team won Gold medal at Asian Game Incheon 2014 after a gap of 16 years. Under his representation, Indian Men's Hockey team has qualified for Rio Olympics 2016.

4. Shri Singh brought laurels to the country by winning Gold medal at Asian Games 2014 held at Incheon South Korea; Sliver medal at Glasgow Commonwealth Games 2014; Bronze medal at 21st Sultan Azlan Shah Cup tournament Malaysia and Silver Medal at 2nd Men Asian Champions Trophy, Doha, Qatar.

5. Shri Sardar Singh is the recipient of numerous awards and honours which include Arjun Award in 2012; Best player of the tournament in 21st Sultan Azlan Shah Cup Malaysia 2012; Asian player of the year 2012; Player of the Tournament at Hero Hockey India league 2012; Best Player of the Tournament at 19th Sultan Azlan Shah Cup Malaysia 2010; AHF Player of the Year 2011 etc. He was nominated for FIH World stars team 2011 & 2010.



श्री सरदार सिंह

श्री सरदार सिंह, भारतीय हॉकी के मशहूर खिलाड़ी हैं और इस समय भारतीय हॉकी राष्ट्रीय टीम के कप्तान हैं। आप इस खेल में अब तक रहे सभी खिलाडियों में सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर्स में से एक हैं।

2. आपका जन्म जुलाई 15, 1986 को हुआ। आप साधारण परिस्थितियों में पले-बढ़े। आप लुधियाना में एक हॉकी अकादमी से जुड़ गए। आप इस समय हरियाणा में उप पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा कर रहे हैं।

3. आपने सन् 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ़ वरिष्ठ टीम के लिए हॉकी खेलने की शुरूआत की। तब से, आप उन सभी प्रमुख खेल-प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, जिनमें भारतीय टीम ने शिरकत की है। आपको 22 साल की कम उम्र में ही सुल्तान अज़लान शाह कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। आपकी कुशल कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने 16 साल के अंतराल के बाद, एशियाई खेल इंचियोन-2014 में स्वर्ण-पदक जीता। आपकी नुमाइंदगी के तहत, भारतीय पुरुषों की हॉकी टीम ने रियो ओलम्पिक्स-2016 के लिए क्वॉलीफाई किया है।

4. आपने इंचियोन, दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई खेल-2014 में स्वर्ण-पदक; ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स-2014 में रजत-पदक; मलेशिया में 21वें सुल्तान अज़लान शाह कप टूर्नामेंट में कांस्य-पदक और दोहा, कतर में दूसरी पुरुष एशियाई चैम्पियन ट्रॉफी में रजत-पदक जीतकर, देश को यश और गौरव दिलवाया।

5. आपको कई पुरस्कारों और सम्मानों से विभूषित किया गया है, जिनमें सन् 2012 में अर्जुन पुरस्कार; मलेशिया में 21वें सुल्तान अज़लान शाह कप -2012 में टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी; वर्ष, 2012 के एशियाई खिलाड़ी; हीरो हॉकी इंडिया लीग-2012 में टूर्नामेंट के उल्लेखनीय खिलाड़ी; मलेशिया में 19वें सुल्तान अज़लान शाह कप-2010 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी; वर्ष, 2011 के ए.एच.एफ खिलाड़ी इत्यादि से संबंधित पुरस्कार और सम्मान शामिल हैं। आपको एफ आई एच वर्ल्ड स्टार्स टीम वर्ष, 2010 और वर्ष, 2011 के लिए नामित किया गया।